राजस्थान लोक सेवा आयोग
प्रारम्भिक परीक्षा
सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान

(राजस्थान का इतिहास, कला,संस्कृति, परम्परा एवं विरासत)

राजस्थान की लोक देवियाँ

सम्प्रदाय

संत

राजस्थानी साहित्य की कृतियाँ, क्षेत्रीय बोलियाँ

राजस्थान के मुख्य पर्व/मेले

राजस्थान के लोक नाट्य

राजस्थान के लोक नृत्य

राजस्थानी वेशभूषा

रीति रिवाज

राजस्थान की लोक देवियाँ

राजस्थान के जनमानस में शक्ति के प्रतीक के रूप में लोक देवियों के प्रति अटूट श्रद्धा व आस्था है। साधारण परिवार की इन कन्याओं ने लोक कल्याणकारी कार्य किए और अलौकिक चमत्कारों से जनसाधारण के दु:खों को दूर किया। इसी कारण जनसामान्य ने इन्हें लोकदेवी के पद पर प्रतिष्ठित किया, ये लोकदेवियाँ निम्न हैं-

करणीमाता

करणीमाता	- **चूहो की देवी**
मुख्य मंदिर	- देशनोक, बीकानेर
विशेष मूलनाम	- रिद्धीबाई
पति	- बीठु देवा पाली
जन्म स्थान	- सुआप गाँव, चारण जाति में।
अन्यरूप	- सफेद चील
पिता	- मेहाजी
जाति	- चारण
इष्टदेवी	- तेमड़ा माता
उपनाम	- राठौड़ों व चारणों की कुलदेवी
रामदेव के गुरू	- बालिनाथ
नोट	- करणीमाता के देशनोक कस्बे को बसाया।
	- कान्ह को मारकर रणमल को शासक बनाया।
	- मेहरानगढ़ दुर्ग की नींव रखी।
	- करणीमाता के मन्दिर राव जैतसी ने बनवाया।
	- मन्दिर को भव्यता सूरतसिंह ने दी।
	- मन्दिर का प्रांगण व मन्दिर के संगमरमर के दरवाजे गंगासिंह ने बनवाये।
	- करणीमाता की गुफा धिनेरू तलाई बीकानेर में है।
	- चूहो वाली इस देवी के मन्दिर में सफेद चूहों के दर्शन करना शुभ माना जाता है जिसे **काबा** कहा जाता है।
	- चैत्र व आश्विन माह के नवरात्रों के जागरण होता है।
	- जन्म आश्विन शुक्ला सप्तमी विक्रम संवत 1444 (10 सितम्बर 1387ई.)
	- मां की गर्भ में 21 माह तक। बचपन का नाम (रिद्धी बाई)
	- निर्वाण गडियाली (जैसलमर) मठ मंदिर को कहते है।
	- सफेद चील देवी का रूप।

कैलादेवी

कैलादेवी	- **यादवों की कुल देवी**
मुख्यमंदिर	- कालीसिंध नदी के किनारे विध्यांचल पर्वत श्रृंखला के **त्रिकुट पर्वत करौली** पर।
	- नवरात्रों में लक्खी मेला लगता है।
	- कैलादेवी के मन्दिर के सामने बोहरा समाज की छत्तरियाँ बनी हुई है।
	- इस मन्दिर का निर्माण करौली शासक गोपालसिंह बोहरा ने करवाया।
	- कैलादेवी की आराधना में **लागुनिया गीत व जोगणियाँ नृत्य** किया जाता है।
	- कैलोदवी को (**गुर्जर - मीणाओं** की इष्टदेवी) भी माना जाता है।
	- मान्यता है देवकी की गोद से उत्पन्न व कंस के द्वारा फेकी गई देवकी की पुत्री ही कैलादेवी है।

जीणमाता

जीणमाता	- **चौहानों की अराध्य देवी**
मुख्य मंदिर	- हर्ष पर्वत, रेवासा, सीकर
पिता	- घंघ राय
विशेष	- मन्दिर का निर्माण पृथ्वीराज चौहान प्रथम के समय राजा मोहिल द्वारा करवाया।
	- इस मन्दिर में जीणमाता की अष्टभुजी प्रतिमा है।
	- प्रतिवर्ष चैत्र व आश्विन माह के नवरात्रों में मेले का आयोजन होता है।
	- मन्दिर में पास काजल शिखर या पर जीण माता के भाई हर्षनाथ का मन्दिर है।
	- मन्दिर में माता को रोज ढाई प्याले शराब का भोग लगता हैं।
	- जीणमाता का गीत सभी लोकदेवी देवताओं में सबसे लम्बा गीत है।
	- औरंगजेब ने चमत्कारों से प्रभावित होकर वर्षों तक दीपक की ज्योत के लिए घी भेजा।
	- जयंती देवी की पीठ इनके मंदिर को कहते है।
	- मीणा समाज में लोकप्रिय।

शाकम्भरी माता

शाकम्भरी माता	- **चौहानों की कुल देवी**
मुख्यमंदिर	- सांभर, जयपुर
अन्य मन्दिर	- सहारणपुर (U.P)
	- भुज (गुजरात)
	- आसपुर तहसील (डुंगरपुर)
नोट	- उल्लेखनीय है कि चौहानों की कुलदेवी शाकम्भरी माता जबकि आराध्य देवी जीणमाता है।
	- पृथ्वीराज चौहान की आराध्य देवी चामुण्डा माता है।
	- शाकम्भरी माता को डूंगरपुर में आसपुरी माता के नाम से जाना जाता हैं।

आशापुरी / महोदरी माता

आशापुरी	- **सोनगरा चौहानों की कुलदेवी**
मुख्य मंदिर	- मोंदरा गाँव, जालौर
अन्य मंदिर	- आशापुरी माता नाडोल के चौहानों की भी कुलदेवी है।

आशापुरा माता

आशापुरा माता	- **बिस्सा जाति की कुलदेवी**
मुख्यमंदिर	- पोकरण, जैसलमेर

असावरी माता

असावरी माता	- **लकवाग्रस्त लोगो की देवी**
मुख्य मंदिर	- निकुम्भ, चितौड़
विशेष	- लूले-लगड़े व लकवाग्रस्त लोगों का इलाज करने वाली असावरी माता को आवरी माता के नाम से जाना जाता है।

शिलादेवी

शिलादेवी - **कछवाहो की आराध्य देवी**

मुख्य मंदिर - आमेर का दुर्ग

विशेष - शिलादेवी की मूर्ति मानसिंह प्रथम पूर्वी बंगाल स्थित जस्सोर के शासक केदारनाथ को हराकर लाए थे।

- शिलादेवी के ऊपर के हिस्से पर पंच देवों की प्रतिमाए उत्कीर्ण है।
- शिलोदवी की अष्टभुजी प्रतिमा (महिषासुर मर्दिनी)है।
- यह राजस्थान की एकमात्र देवी है जिसे नर बली दी जाती है।
- शिलोदवी के चरणामृत में जल व मंदिरा दी जाती है।
- प्रतिवर्ष चैत्र व आश्विन के नवरात्रों में मेला लगता हैं

राणी सती

- जन्म-महनगांव (झूंझूनु), वास्तविक नाम-नारायणी बाई, दादीजी के नाम से प्रसिद्ध।
- झूंझुनु में विशाल संगमरमर मंदिर। भाद्रपद अमावस्या को देवी का लक्खी मेला लगता है।
- 1595 ई. में सती। (संवत् 1952)। 1987 में कंवर सती कांड के बाद मेले पर राजस्थान सरकार ने प्रतिबन्ध लगा दिया।
- सती महिमामंडन के कारण राजस्थान सरकार ने महेन्द्र भानावत की पुस्तकें राजस्थान के लोक देवी-देवता पर प्रतिबन्ध लगा दिया।

शीलता माता (चाकसू, जयपुर)

- उपनाम-सैठल माता या महामाई चेचक की देवी के रूप में प्रसिद्ध।
- मंदिर निर्माण जयपुर महाराजा श्री माधोसिंह जी ने (प्रथम) चैत्र कृष्णा सप्तमी -अष्टमी को इनकी वार्षिक पूजा मेला। बास्योड़ा भोजन करने का रिवाज।
- सवारी-गधा।
- बच्चों की संरक्षिका देवी, बांझ स्त्रियां संतान प्राप्ति हेतु इनकी पूजा करती।
- पूजा-खंडित प्रतिमा की।
- पूजारी-कुम्हार जाति के।
- प्रतीक-मिट्टी का दीपक।

आईजी माता (बिलाड़ा जोधपुर)

- जन्म-15वीं शताब्दी।
- मूल नाम -जीजी बाई, रामदेव जी की शिष्या।
- छुआछूत की भावना को दूर तक निम्न वर्ग को ऊंचा उठाने पर कार्य।
- आई पंथ के अनुयायियों को 11 नियमों की पालन अनिवार्य जिन्हे बैल के ग्यारह नियम कहते है।
- नवदुर्गा व देवी का अवतार। पुजारी दीवान कहलाते।
- सिरवी समाज की कुल देवी।
- दरगाह-मंदिर को, मंदिर में मूर्ति नहीं (केवल तस्वीर की पूजा) जिसे **बढेर-थान** का कहते है।
- नीम वृक्ष के नीचे अपना पंथ चलाया।
- मंदिर में दीपक की ज्योति से केसर टपकती है।

जमवाय माता

- ढंढाड़ के कच्छवाह वंश की कुल देवी।
- जमवारामगढ़ (जयपुर) में मंदिर।
- दुल्हराय ने मंदिर बनवाया।

सकराय माता

- मंदिर-उदयपुरवाटी (झुंझुनू)।
- अकाल पीड़ित जनता को बचाने के लिए इसने फल, सब्जियों, कंदमूल उत्पन्न किये थे, इसी कारण देवी शाकम्भरी कहलायी।
- एक मंदिर सांभर में दूसरा उत्तरप्रदेश के सहारपुर जिले में।
- खण्डेलवालों की कुल देवी।

नारायणी माता

- मंदिर-राजगढ़ (अलवर)।
- मंदिर 11वीं शताब्दी में प्रतिहार शैली में।
- नाई समाज की कुल देवी। वर्तमान में मंदिर पूजा के लिए मीणाओं व नाईयों में विवाद चल रहा

जिलाड़ी माता

- मंदिर-बहरोड़ (अलवर)।
- इन्होंने हिन्दूओं को मुस्लिम बनाने का विरोध किया।

भदाणा माता

- मंदिर-भदाणा (कोटा)।
- मूठ से पीड़ित व्यक्ति का इलाज किया जाता ।

बड़ली माता

- मंदिर-बेड़च नदी के किनारे, आकोला (चित्तौड़)।
- मंदिर की दो तिबारियों से बच्चे को निकालने से असाध्य रोग सही हो जाते है।

लटियाल माता

- मंदिर-फलौदी (जोधपुर), प्रमुख स्थान लोद्रवा (जैसलमेर)।
- कल्ला ब्राह्मणों की कुल देवी।
- मंदिर के पास खेजड़ी स्थित होने से माता को खेजड़ बेरी राय भवानी कहते है।

नागणेची माता

- मंदिर-नागाणा गांव (बाड़मेर)।
- मारवाड़ के राठौड़ वंश की कुल देवी।
- मंदिर राठौड़ राजा धुहड़ जी ने (13 वीं सदी) में बनवाया।

चामुण्डा माता

- मारवाड़ के राठौड़ वंश की आराध्य देवी।
- प्रतिहारों की कुल देवी।
- भीनमाल की सुंधा माता।

स्वागिया माता (आवड़ माता)

- जैसलमेर के भाटियों की कुल देवी।
- सुगन चिड़ी इनकी प्रतीक रूप।
- स्वांग शब्द का अर्थ-भाला।
- आवड़ माता का एक रूप स्वांगिया माता।

तनोट माता

- मंदिर-तनोट (जैसलमेर)।
- जैसलमेर भाटियों की आराध्य देवी।
- 1965 भारत पाक युद्ध के समय बम गिराये गये, सेना के जवानों की देवी।
- थार की वैष्णों देवी।
- पुजारी बी.एस.एफ के जवान।

बाणमाता

- मेवाड़ के सिसोदिया वंश की कुल देवी।
- प्रमुख मंदिर-केलवाड़ा (राजसमंद)।
- इसे बरबड़ी माता कहते है।

संच्चियाँ माता

- मंदिर-ओंसियां (जोधपुर)।
- 8 वीं -11 वीं शताब्दी के दौरान प्रतिहार शासकों द्वारा निर्मित। ओसवालों की कुल देवी।
- परमार राजकुमार उत्पलेदव द्वारा मंदिर का निर्माण।

चौथ माता

- मंदिर-चौथ का बरवाड़ा (सवाई माधोपुर)।
- अपने सुहाग की रक्षा के लिए स्त्रियाँ वैशाख, भाद्रवा, कार्तिक व माघ महिने की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को चौथ माता का वृत रखती है।
- कार्तिक कृष्णा चतुर्थी को करवा चौथ मनाई जाती है।
- चौथ माता कंजर जनजाति की आराध्य देवी।

हिंगलाज माता

जैसलमेर के भाटियों की कुलेदवी

मुख्य मन्दिर - लोद्रवा, जैसलमेर

अन्य मन्दिर - पाकिस्तान

- नारलोई, जोधपुर

सुराणा माता

- ओसवालों की सुराणा माता व दुग्गड शाखाओं की कुलदेवी।
- मंदिर गोरखाण गांव (नागौर) जीवित समाधि।

सुगाली माता

- मंदिर-आउवा (पाली)
- चंपावत राजपुतों की कुल देवी ।
- काले पत्थर की प्रतिमा में इनके 10 सिर तथा 54 हाथ।
- 1857 क्रांति के समय इनकी मूर्ति पाली म्यूजियम में रख दी गई। वर्तमान मूर्ति पाली म्यूजियम में।

अन्य लोकदेवी

घेवर माता :- राजसमंद

ज्वाला माता:-जोबनेर (जयपुर), खंगारोत राजपूतों की कूल देवी।

छीक माता :-जयपुर

अर्बूदा देवी:- माउण्ट आबु (सिरोही), राजस्थान की वैष्णों देवी, देवी के अधेरों की पूजा

जल देवी :- मंदिर बावडी (टोंक) संपुर्ण भारत में एकमात्र।

क्षेमकरी माता:- खीमेल माता कहते हैं, वसंतगड (सिरोही) में मंदिर।

हिचकी माता:-सनवाड फतहनगरी की लोक देवी (उदयपुर), पुजा से हिचकी रोग का निवारण किया जाता है।

राणी भटियाणी माता:- जन्म-जोगीदास गांव (जैसलमेर), विवाह-जसोल राजपरिवार में। भाद्रपद शुक्ला तेरस चोदस को मेला।

त्रिपुरा सुन्दरी माता/तरताई माता :- तलवाडा (बांसवाड़ा)।

दधिमती माता :- गोठमांग लोद (नागोर), दाधिच ब्राह्मणों की कुल देवी।

खलकानी माता :- लुणिया वास (जयपुर)।

कुशाला माता :- बदनौर (भीलवाड़ा) मंदिर का निर्माण महाराणा कुंभा ने करवाया (विक्रम संवत् 1490)।

भुवाल माता:-मंदिर-जसनगर (मेड़ता, नागोर)।

ब्राह्मणी माता:-सोरसन गावं (बांरा) देवी की पीठ का श्रृंगार तथा पीठ की पूजा। विश्व में संभवत् ऐसा एक मात्र उदाहरण।

अन्य लोकदेवी व मुख्य मन्दिर

लोकदेवी	मुख्य मंदिर
1. इन्द्रगढ़	इन्द्रगढ़ बून्दी
2. भॉवला माता	भॉवल ग्राम मेड़ता जालौर
3. जोगणिया माता	भीलवाड़ा
4. क्षेमकरी माता	भीनमाल, जालौर
5. खोडीयार देवी	खोडाल लोंगेवाला (जैसलमेर)
6. बिखड़ी माता	चित्तौड़गढ़ दुर्ग, उदयपुर
7. चारभुजा देवी	खमनौर, हल्दीघाटी राजसमन्द
8. राजेश्वरी	भरतपुर
9. ऊँटाला माता	जोधपुर
10. चौथमाता (कन्जरो की कुलदेवी)	चौथ का बरवाड़ा (सवाई माधोपुर)
11.भद्रकाली माता	हनुमानगढ़

रियासतों की कुलदेवी

रियासतों	कुलदेवी
1. बीकानेर	करणीमाता
2. जोधपुर	नागणेची
3. उदयपुर	बाणमाता
4. जैसलमेर	स्वांगिया (आवड़, हिंगलाज)
5. सीकर	जीणमाता
6. जालौर	महोदरी
7. सांभर	शाकम्भरी
8. जयपुर	जमवाया/जमवाय
9. करौली	कैलादेवी
10. आमेर	जमवाय
11. जोवनेर	ज्वाला
12. भरतपुर	राजेश्वरी
13. कोटा	भद्राणा
आउवा	सुगाली

नोट: कछवाहो की कुलदेवी जमवाय माता तथा आराध्यदेवी/इष्टदेवी शिलामाता/अन्नपूर्णा है।

विभिन्न जातियों की कुलेदवी

जाति	कुलदेवी
1. बिस्सा	आशापुरा (पोखरण)
2. सिरवी	आई
3. ओसवा	साचियाँ
4. कल्ला	लुटियाला
5. पांचाल	त्रिपुरासुन्दरी
6. खण्डेवाल	सकराय
7. भील	आमजा
8. ताई	नारायणी
9. भोपा	वीरात्रा
10. कन्जर	चौथ
11. गुर्जर	कैलोदवी
12. मीणा	कैलोदवी
13. यादव	कैलोदवी

सम्प्रदाय

राजस्थान में दो सम्प्रदाय प्रमुखत: मिलते हैं:-

(अ) सगुण सम्प्रदाय	(ब)निर्गुण सम्प्रदाय
रामानुज सम्प्रदाय	दादु सम्प्रदाय
रामानन्दी सम्प्रदाय	विशनोई सम्पद्राय
निम्बार्क सम्पद्राय	जसनाथी सम्प्रदाय
वल्लभ सम्प्रदाय	लालदासी सम्प्रदाय
निष्कंलक सम्प्रदाय	रामस्नेही सम्प्रदाय
गौड़ीय सम्प्रदाय	परनामी सम्प्रदाय
चरण दासी सम्प्रदाय	निरंजनी सम्प्रदाय
नाथ सम्प्रदाय	कबीर पंथी संप्रदाय
पाशुपत सम्प्रदाय	चरणदासी सम्प्रदाय

निम्बार्क सम्प्रदाय

अन्यनाम - हंस सम्प्रदाय
प्रवर्तक - निम्बार्काचार्य
दर्शन - द्वैताद्वैत/भेदाभेद
मुख्यपीठ - सलेमाबाद अजमेर
रचना - वेदान्त परिजात
विशेष - राधाकृष्ण की युगल पूजा करते है।
- राधा को कृष्ण की परिणीता मानते है।
- इसे महाराजा जगतसिंह ने सर्वाधिक आश्रय दिया।

वल्लभ सम्प्रदाय

अन्य नाम - पुष्टिमार्ग
प्रवर्तक - वल्लभाचार्य
दर्शन - शुद्धाद्वैत
मुख्यपीठ - सिंहाड़
अन्यपीठ - मथुरेशजी, कोटा
- विट्ठलजी, नाथद्वारा
- द्वारिकाधीश, कांकरौली
- गोकुलचन्द्रजी, कामवन, भरतपुर
- मदनमोहन जी, गोकुल, यू.पी.
- बालकृष्णजी, सूरत, गुजरात

रचना - अष्टछाप, कविमंडल, संगठन (विट्ठलनाथ द्वारा स्थापित)
विशेष - मुख्यपीठ वल्लभाचार्य द्वारा जबकि अन्यपीठ अनके सात पुत्रों द्वारा स्थापित है।
- इस सम्प्रदाय के लोग कृष्ण की पूजा करते है।
- इस सम्प्रदाय के लोग
  1. संगीत को हवेली संगीत
  2. कृष्ण को श्रीनाथ, 3. मन्दिर को हवेली
  4. दर्शन को झांकी 5. ईशकृपा को पुष्टि
- इस सम्प्रदाय के लोगों का मूल मंत्र श्रीकृष्णम् शरणम् नम:
- इस सम्प्रदाय के लोग कृष्ण के बालरूप की पूजा करते है।
- पुष्टिमार्ग की शुरूआत विट्ठलदास ने की थी।
- सूरदास इस **मार्ग के जहाज** कहलाते है।
- इस सम्प्रदाय को सर्वाधिक आश्रय महाराणा राजसिंह ने दिया।

नोट : किशनगढ़ का शासक सांवत सिंह इस सम्प्रदाय का अनन्य भक्ति द्वारा सन्यास आश्रम ग्रहण करते हुए सावन्तसिंह से नागरीदास बन गये।

गौड़ीय सम्प्रदाय

अन्य नाम - ब्रह्म सम्प्रदाय
मूल प्रवर्तक - बंगाल के चैतन्य महाप्रभु
राजस्थान के प्रवर्तक- माध्वाचार्य
दर्शन - द्वैतवाद
मुख्यपीठ - गोविन्द देवजी मन्दिर जयपुर (सवाई जयसिंह निर्मित) गोविन्द देवजी मन्दिर वृंद्धावन (मानसिंह)
रचना - माध्वाचार्य पूर्णप्रज्ञ भाष्य
विशेष - द्वैतवाद के अनुसार ईश्वर सगुण है और वह विष्णु है तथा उसका स्वरूप सत्-चित आनन्द (सचिदानन्द) है।
- गोरांग महाप्रभु चैतन्य ने कृष्णभक्ति, रामलीला व कीर्तन पर बल दिया था।
- जयपुर के शासक स्वयं को गोविन्ददेव जी का दीवान मानते है।
- सवाई प्रतापसिंह के समय बागड़ की कवयित्री बाई ने एक ही पद में श्रीकृष्ण के श्रृंगार का वर्णन किया लेकिन मुकुट के वर्णन से पहले ही पट खोल दिए गए और कृष्ण मूर्ति का मुकुट गिरा मिला।

रामानन्दी सम्प्रदाय

अन्यनाम - रसिक सम्प्रदाय
प्रवर्तक - गुरू रामानन्द
दर्शन - ज्ञानमार्गी
मुख्यपीठ - शिष्य कृष्णदास पहयारी द्वारा स्थापित गलताजी, जयपुर
अन्यपीठ - पह्यारी के शिष्य अग्रदास द्वारा स्थापित, रेवासा (सीकर)
रचना - रामरासो
विशेष - रामानन्द समाज में व्याप्त भेदभाव व ऊँचनीच को समाप्त करके समाज को एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया।
- रामानन्द के 12 शिष्या 12 अलग-अलग जातियों से संबंधित थे जिनमें कबीर, धन्नाजी रैदास, पीपाजी मुख्य है।
- रामानन्द की भक्ति दास्यभाव की थी।
- रामानन्द के कुछ शिष्य निर्गुण भक्ति की ओर उन्मुख हो गये।
- अग्रदास जी भगवान राम को कृष्ण के समान रसिक मानतें थे।
- इस सम्प्रदाय को सर्वाधिक आश्रय सवाई जयसिंह ने दिया और दरबारी विद्वान कृष्णभट्ट ने रामरासो की रचना की।

रामानुज सम्प्रदाय

अन्य नाम - रामावत सम्प्रदाय
प्रवर्तक - तिरूपति, आन्ध्रप्रदेश में जन्मे रामानुजाचार्य
मुख्य प्रवर्तक - यमुनाचार्य (दक्षिणी भारत)
राजस्थान प्रवर्तक- रामानुजाचार्य
दर्शन - विशिष्टाद्वैतवाद
मुख्यपीठ - गलताजी जयपुर में शिष्य किलहदास व पह्यारी स्वामी द्वारा स्थापित

अन्य पीठ - शाहपुरा, भीलवाड़ा
रचना - रामानुजाचार्य द्वारा कृत ब्रह्मसूत्र पर श्री भाष्यटीका
विशेष - उल्लेखनीय है इस सम्प्रदाय के मुख्य प्रवर्तक यमुनाचार्य दक्षिणी भारत से संबंधित थे।
- यमुनाचार्य के प्रिय शिष्य रामानुजाचार्य ने इस सम्प्रदाय को विशिष्ट रूप देते हुए विशिष्ट द्वैतवाद दर्शन दिया।
- रामानुज आचार्य ने समस्त भारत में अलग-अलग आचार्य नियुक्त किए।
- रामानुज आचार्य ने प्रिय शिष्य रामानन्द ने रामानन्दी सम्प्रदाय की स्थापना की जो कि राज में प्रचलित है।
- इस तरह रामानन्दी सम्प्रदाय रामानुज की एक शाखा है।

सखी सम्प्रदाय

अन्य पहचान - निम्बार्क सम्प्रदाय की एक शाखा/सगुण भक्ति
प्रणेता - हरिदास जी
दर्शन - कृष्ण की सखी के रूप में आराधना
विशेष - इस सम्प्रदाय के अनुयायी स्वयं को श्रीकृष्ण की सखी मानकर आराधना करते है।

विश्नोई सम्प्रदाय

अन्य नाम - वैष्णव सम्प्रदाय
प्रवर्तक - जाम्भोजी
दर्शन - निर्गुण, निराकर ब्रह्मा (विष्णु)
मुख्यपीठ - मुकाम, बीकानेर
अन्यपीठ - सम्मराथल, बीकानेर
- जाबूल, बीकानेर
- जम्भा फलोदी, जोधपुर
- रामडावास पीपाड़, जोधपुर
रचना - जम्भ संहिता
- जम्भ सागर
- विश्नोई धर्मप्रकाश
जन्मस्थान - पीपासर, नागौर में पंवार राजपूत वंश में
वर्ष - 1451 ई.
सम्प्रदाय स्थापना वर्ष - 1485 में 29 शिक्षाओं के माध्यम से
विशेष - जाम्भोजी को विष्णु का अवतार माना जाता है।
प्रमुख उपदेश - ईश्वर सर्वव्यापक
- आत्मा अमर
- आत्मा का वशीकरण
- मुक्ति व मोक्ष के लिए गुरू का होना आवश्यक है।
विशेष - हिन्दु मुस्लिमों में व्याप्त आडम्बरो की आलोचना
- जाति व्यवस्था, मूर्ति पूजा, जटा रखना, कान छेदन, मुडन व कड़ा पहने का विरोध तथा नीले वस्त्र का त्याग।
- विधवा-विवाह के समर्थक।
- विष्णु की भक्ति पर बल।
- 29 शिक्षाओं में वैष्णव, इस्लाम व जैनधर्म का समन्वय ।
- उपदेशों में कबीर की छाप दृष्टिगोचर
- जाम्भोजी के 29 उपदेश और 120 शब्दों का संग्रह जम्भसागर में संग्रहीत है।
- जाम्भोजी को पर्यावरण विज्ञानी मानी जाती है।
- विश्नोई जाति काले हिरणों व खेजड़ी के प्रति अधिक संवेदनशील होती है।

सम्प्रदाय के अनुयायी - विश्नोई
सर्वाधिक अनुयायी - जाट जाति
समाधि स्थल - मुकाब तालबा, बीकानेर
मुख्य कार्यस्थल - सम्भराथल बीकानेर
नोट : - जाम्भोजी ने सिकन्दर लोदी को गौ हत्या पर रोक लगाने पर मजबूर किया।

जाम्भोजी के आठ स्थान (धाम)
- पीपासर (नागौर) जन्म स्थान।
- मुकाम (बीकानेर) समाधि स्थल (इसे मुक्ति धाम कहते है।)
- लालसर (बीकानेर) निर्वाण स्थल (मार्ग शीर्ष कृष्णा नवमी)
- जाम्भा (जोधपुर) पुष्कर की भांति पवित्र तीर्थ स्थल।
- जागलु (बीकानेर) नोखा स्थित इस स्थल पर विशाल मेला प्रसिद्ध मंदिर।
- रामडावास (पीपाड़-जोधपुर) व लोहावट दोनों उपदेश स्थल
- लोदिपुर (उत्तरप्रदेश)
- रोटू नागैर)
- माटो-जाम्भोजी के सम्मानार्थ बीकानेर के नरेश ने अपने राजकीय झण्ड़े में खेजड़े के वृक्ष को इस रूप में रखा।
- **कथा जैसलमेर री**-संत कवि वील्लोजी रचित, जाम्भोजी के प्रभाव से सिकन्दर लोदी ने गौहत्या पर प्रबिन्ध लगाया।
- जम्भगीता को विश्नोई सम्प्रदाय के अनुयायी पांचवा वेद मानते, राजस्थानी भाषा का अनुपम ग्रन्थ।
- पर्यावरण आंदोलन के विश्व के पहले प्रणेता।
- **विल्होजी**-जाम्भोजी के प्रमुख शिष्य (रामडावास निवासी)

जसनाथी सम्प्रदाय

अन्य पहचान - वैष्णव सम्प्रदाय
प्रवर्तक - जसनाथी
दर्शन - निर्गुण भक्ति ही ईश्वर साधना का मार्ग है।
मुख्यपीठ - कतरियासर, बीकानेर
रचना - शिम्भूधड़ा, कोडा
विशेष - जसनाथ जी को सिद्धपुरूष माना जाता है।
जन्मस्थान - कतरियासर, बीकानेर से हम्मीर व रूपादे जाट के घर में
जन्मतिथि - कार्तिक शुक्ल एकादशी विक्रम संवत 1539 अर्थात् 1482 ई. गोरखपंथ के प्रणेता गोरखनाथ के द्वारा मालीया, बीकानेर में कठिन तप के जरिये दीक्षित।
प्रमुख उपदेश - निर्गुण भक्ति
- कर्मवाद का सिद्धान्त
- गुरूमार्ग दर्शन अनिवार्य
- रात्रि जागरण
- निर्गुणी पद गायन
- धार्मिक पाखण्ड, मूर्ति पूजा, पशुबलि का विरोध करना अनिवार्य तथा भगवा वस्त्र।

सम्प्रदाय के अनुयायी - जसनाथी
सर्वाधिक अनुयायी - जाट
विशेष - जसनाथी जी ने 36 धर्म नियम दिए।

	-	जसनाथी विशेषता धँधकते अंगारों का नृत्य करना।
	-	जसनाथी अनुयायी जाल वृक्ष व मोरपंख को पवित्र मानते है।
नोट	-	लालनाथ जी इस सम्प्रदाय के अन्य संत तथा सिकन्दर लोदी (आगरा के संस्थापक) इस सम्प्रदाय से विशेष प्रभावित। व्यक्तित्व थे जिन्होंने जसनाथ जी को कतरियासर में भूमि दान की।
	-	जसनाथी ने केवल 24 साल की आयु में जीवित समाधि ले ली।

चरणदासी सम्प्रदाय

प्रवर्तक	-	चरणदास जी
दर्शन	-	सगुण व निर्गुण का मिश्रण
मुख्यपीठ	-	दिल्ली
राजस्थान पीठ	-	देहरा, अलवर
रचना	-	ब्रह्म ज्ञान सागर
	-	भक्ति सागर
	-	ब्रह्म चरित्र
	-	ज्ञान सर्वोदय
विशेष	-	चरणदास जी का मूलनाम रणजीत था।
जन्मस्थान	-	देहरा, अलवर भाद्रपद शुक्ला तृतीया वि.सं.1760 सन् 1703
गुरू	-	मुनी सुखदेव इनसे दीक्षा प्राप्त करके चरणदास नाम पड़ा।
प्रमुख उपदेश	-	निर्गुण निराकर ब्रह्म जी सखी भाव से सगुण भक्ति इसलिए सगुण व निर्गुण भक्ति भाव का मिश्रण
	-	योगीश्वर कृष्ण भक्ति पर बल
	-	गुरू सानिध्य को महत्व
	-	कर्मवाद को मान्यता
	-	नैतिक शुद्धता व करूणा पर बल
अनुयायी	-	पीले वस्त्र धारण करते है।
नोट	-	चरणदास जी के उपदेश 42 धर्म नियमों में समाहित है।
	-	चरणदास वे नादिरशाह के आक्रमण की भविष्यवाणी की थी।

लालदासी सम्प्रदाय

प्रवर्तक	-	लालदास जी
मुख्यपीठ	-	नगला, भरतपुर (मृत्युस्थल)
अन्यपीठ	-	शेरपुर, अलवर (समाधिस्थल)
रचना	-	लालदास की चेताबाणियाँ
जन्म	-	1540 ईस्वी।
जन्मस्थान	-	धौलीदूब गाँव अलवर के चाँदमल व सामदा के मेव परिवार में ।
गुरू	-	मुस्लिमसन्त गद्धन चिश्ती/गुद्दाम
प्रमुख उपदेश	-	निर्गुण भक्ति पर बल
	-	ईश्वर, निर्गुण, निराकर, सर्वशक्तिमान व सर्वत्र व्याप्त
	-	हिन्दुमुस्लिम एकता पर बल
	-	दृढ़ चरित्र व नैतिकता पर बल
	-	सामाजिक सदाचार पर बल
	-	पुरूषार्थ पर बल
	-	रूढ़ियों व आडम्बरों का विरोध
	-	ऊँचनीच का विरोध
अनुयायी	-	मेवजाति के लोग तथा कोई भी गृहस्थी
उपनाम	-	मेवजाति के संत
नोट	-	लालदासी साधु स्वयं कमाकर खाते हैं व किसी पर भी आश्रित नहीं रहते अर्थात् पुरूषार्थी।

अलखिया सम्प्रदाय

प्रवर्तक	-	लालगिरी
दर्शन	-	निर्गुण भक्ति
मुख्यपीठ	-	बीकानेर (दुर्ग के सामने)
अन्य पीठ	-	गलताजी
विशेष	-	सुलखिया गाँव, चुरू
गुरू	-	स्वयमेव प्रेरक इसलिए बचपन से ही नागासाधु
प्रमुख उपदेश	-	जाँति-पाँति व ऊँचनीच का विरोध
अनुयायी	-	मोची जाति के सर्वाधिक
रचना	-	कुण्डलिया
नोट	-	दुर्ग के सामने लगा **लाल पत्थर लालगिरी का प्रतीक** है जहाँ अनुयायी नारियल चढ़ाते हैं।
	-	बीकानेर नरेश इन्हें तीर्थ यात्रा पर अपने साथ लेकर गये है।

रामस्नेही सम्प्रदाय

प्रवर्तक	-	रामचरण
प्रारम्भिक नाम	-	रामकृष्ण
दर्शन	-	निर्गुण निराकार ब्रह्म
मुख्यपीठ	-	शाहपुरा (भीलवाड़ा)
अन्य पीठ	-	रैण (नागौर)
	-	खेड़ापा (जोधपुर)
	-	सिंहथल (बीकानेर)
रचना	-	अणर्भवाणी
नोट	-	सन्तों के स्थान को रामद्वारा कहा जाता है।
उत्सव	-	फूलडोल, शाहपुरा, भीलवाड़ा।
जन्मस्थान	-	सोडाग्राम (शूरसेन) जयपुर में बख्ताराम विजयवर्गीय के घर में
जन्मतिथित	-	24 फरवरी, 1720
गुरू	-	कृपाराम से दीक्षा प्राप्त करके रामकृष्ण से रामचरण में परिवर्तित
प्रमुख उपदेश	-	निर्गुण निराकर ब्रह्म राम की उपासना राम दशरथ के पुत्र न होकर कण-कण में व्याप्त निर्गुण निराकार परमबह्य।
	-	गुरू सेवा, सत्संगति व रामनास स्मरण पर बल मूर्तिपूजा, बाह्य आडम्बरो, जातिगत भेदभावों का विरोध।
अनुयायी	-	दाढ़ी मूँछ व सिर पर बाल रहित गुलाबी रंग के पोशाक धारक

तीन प्रमुख शिष्य जिनके द्वारा अलग -अलग स्थानों पर राम स्नेही सम्प्रदाय के निम्न तीन पंथ-

1. दरिया पंथ

प्रवर्तक	-	दरियाव जी
मुख्य पीठ	-	रैण (नागौर)
जन्म	-	जैतारण (पाली) के गिंगण व मानजी धुनिया के पुत्र

तिथि	–	जन्माष्टमी वि.स. 1733 (1676)
गुरू	–	प्रेमनाथ/बालकनाथ
प्रमुख उपदेश	–	राम में **'रा को राम 'म' को मोहम्मद साहब** का प्रतीक बताकर हिन्दुमुस्लिम भावना को प्रोत्साहन।

2. सिंहथल शाखा

प्रवर्तक	–	हरिराम दासजी
मुख्य पीठ	–	सिंहथल (बीकानेर)
जन्म स्थान	–	सिंहथल बीकानेर के भागचन्द जोशी के पुत्र
गुरू	–	जैमलदास
रचना	–	निसानी (प्राणायाम, समाधि, योगतत्वों का उल्लेख)
प्रमुख उपदेश	–	निर्गुण बह्म (परम) की भक्ति
	–	रामनाम का स्मरण
नोट:	–	गुरू को पारस पत्थर से भी उच्च स्थान।

3. खेडापा शाखा

प्रवर्तक	–	रामदास जी
मुख्य पीठ	–	खेड़ापा जोधपुर
जन्म स्थान	–	भीकम कोर ग्राम जोधपुर के सार्दुल व अणमी के पुत्र
जन्म तिथि	–	1726 ई./वि.स. 1783
गुरू	–	हरिराम दास जी
प्रमुख उपदेश	–	निर्गुण निराकर परम बह्म की भक्ति सतगुरू की सेवा व सत्संग पर बल।
	–	राम ही पूज्य।
नोट:	–	रामनाम के अलावा अन्य नाम का उच्चारण नहीं करते है लेकिन 20 सदी में खेड़ापा शाखा के अनुयायी सन्त-रामसुखदास जी ने रामचरितमानस के स्थान पर श्रीमद् भागवत गीता के प्रवचनों का मुख्य आधार बनाया।

परनामी सम्प्रदाय

प्रवर्तक	–	प्राणनाथ
दर्शन	–	निर्गुण निराकर परम बह्म
अन्य पीठ	–	आदर्शनगर, जयपुर (अलग बस्ती)
मुख्य पीठ	–	पन्ना-मध्यप्रदेश
रचना	–	कुलजम स्वरूप
प्रमुख उपदेश	–	आराध्यदेव श्रीकृष्ण के प्रणाम करना मूल दर्शन।

लकुलीश/पाशपत सम्प्रदाय

प्रवर्तक	–	लकुलीश
मुख्यपीठ	–	एकलिंग शिव मन्दिर कैलाशपुरी उदयपुर
अन्य मन्दिर	–	सुन्धा माता मन्दिर जालौर में लकुलीश सम्प्रदाय की शिवमूर्ति
सम्बन्धि ग्रन्थ	–	एकलिंग महात्म्य
प्रमुख	–	मेवाड़ के हारित ऋषि लकुलीश सम्प्रदाय के प्रमुख साधु।
	–	एकलिंग मन्दिर का निर्माता बप्पा रावल।
	–	कुम्भा ने इस मन्दिर को नागदा, कालोडा, मालखेड़ा, भीमाना गाँव भेट किए।
	–	जिस तरह जयपुर के शासक स्वयं को गोविन्द जी का दीवान मानते है उसी तरह मेवाड़ के शासक स्वयं को एकलिंग जी का दीवान मानकर शासन करते थे।
नोट	–	लकुलिश को शिव का 28 वाँ अवतार मानते है।

नाथ सम्प्रदाय

आदिप्रवर्तक	–	नाथ मुनि
प्रमुख प्रचारक	–	मत्स्येन्द्रनाथ
प्रमुख पीठ	–	सिरे मन्दिर जालौर
अन्य पीठ	–	राताडूंगा, पुष्कर अजमेर
	–	महामन्दिर जोधपुर
विशेष	–	राजस्थान में नाथ सम्प्रदाय की दो शाखाएँ प्रसिद्ध है। **1. वैराग्यपंथ** मुख्य राताडूंगा (अजमेर) **2. माननाथी पंथ** मुख्यपीठ महामन्दिर (जोधपुर)
नोट	–	नाथ सम्प्रदाय का मूलतः संबंध शैव सम्प्रदाय से होता है लेकिन जालौर का सिरे मन्दिर का संबंध वैष्णव मत के नाथो से है।
	–	नाथ सम्प्रदाय के 12 1/2 पंथों में से एक पंथ कानपा पंथ का प्रवर्तक जालन्धर नाथ का शिष्य कानपा नाथ था जिसे कालबेलिया अपना गुरू मानते है।

निरंजनी सम्प्रदाय

प्रवर्तक	–	हरिदास जी
मूलनाम	–	हरिसिंह साखला
मुख्यपीठ	–	गाढ़ा, डीडवाना, नागौर
रचना	–	मन्त्र राजप्रकाश, हरिपुरूष जी की वाणी
जन्म स्थान	–	कापडोद गाँव डीडवाना
तिथि	–	1455 ई. में
प्रमुख उपदेश	–	निरंजन शब्द को परमात्मा तत्व का प्रतीक मानते है इसलिए इस ही शब्द की उपासना पर बल देते है।
प्रमुख मंत्र	–	अलख निरंजन
	–	हरि निरंजन
	–	राम निरंजन
	–	मूलतः निर्गुण भक्ति का उपदेश देता है लेकिन सगुण उपासना व मूर्तिपूजा का विरोध नहीं करते हैं।
नोट	–	सम्प्रदाय के दो प्रकार के अनुयायी- 1. **निहंग** (खाकी रंग की गुदड़ी गले में डालकर रहने वाले) 2. **घरवारी** (गृहस्थी जीवन बिताते हुए सम्प्रदाय में आस्था रखने वाले)
नोट	–	हरिदास जी मूलतः डाकू के थे इसलिए इन्हे **कलियुग का वाल्मिकी** कहा जाता है।

गूदड़ सम्प्रदाय

प्रवर्तक	–	सन्तदास जी
दर्शन	–	निर्गुण भक्ति
मुख्यपीठ	–	दाँतड़ा (भीलवाड़ा)
अनुयायी	–	गूदड़ी से बने वस्त्र धारण करते है।

नवल सम्प्रदाय

प्रवर्तक	–	नागौर के हस्लाव गाँव में जन्मे नवलदास जी
मुख्यपीठ	–	जाधेपुर
रचना	–	नवलेश्वर अनुभव वाणी

राजाराम सम्प्रदाय

प्रवर्तक	–	राजाराम
मुख्यपीठ	–	शिकारपुरा (जोधपुर)

विशेष - विश्नोई सम्प्रदाय के समान इस सम्प्रदाय के लोग हरे वृक्षों के प्रति संवेदनशील होते है।

दादूपंथ सम्प्रदाय

प्रवर्तक - दादू जी
मुख्यपीठ - नरैना/नरायणा की भैराण पहाड़ी, जयपुर
रचना - दादूजी वाणी, दादूजी रा दोहा (हिन्दी मिश्रित साधुकड़ी भाषा में)
दर्शन - निर्गुण निराकार निरंजन परम बह्म
जन्म स्थान - अहमदाबाद
जन्मतिथि - 1544/वि.स. 1601
गुरू - कबीर के शिष्य वृद्धानन्द जी
विशेष - किवदन्ती है दादू जी लोदी नामक व्यक्ति को बहते हुए सन्दूक में मिले थे।
- दादूजी 1568 में सांभर आ गये।
- मानसिंह के समकालिक दादू जी ने 1585 में फतेहपुर सीकरी की यात्रा करके अकबर से मुलाकात की थी।
- 1602 मे नरैना आ गए।

मृत्यु - नरैना में 1605 में
- दादूजी के 152 शिष्य थे जिनमें से 5 गृहस्थी व 52 साधु थे।
- 52 साधुओं को दादूपंथ के 52 स्तम्भ (थम्भे) कहा जाता है।
- दादूजी के प्रमुख शिष्यों में गरीब दास, मिस्किन दास के अलावा माघवदास, सुन्दरदास, सन्तदास, रज्जब जी, बकनाजी।

दादूपंथ की छः शाखाएँ है-

1. खालसा - **मुखिया**-गरीबदास
2. नागा मुखिया-सुन्दरदास
विशेष - हथियार रखकर जयपुर रियासत के लिए दाखिली सैनिक के रूप में कार्य करते थे। लेकिन इनके आतंक से परेशान होकर जयसिंह ने इनके शस्त्रों पर पाबन्दी लगा दी।
3. विरक्त शाखा - घूमते-फिरते (गृहस्थियों को उपदेश देने वाले)
4. खाकी - शरीर पर भस्म (खाकी वस्त्र धारक)
5. उत्तरादेय - राजस्थान छोड़कर उत्तरी भारत में जाने वाले।
6. निहंग - घुमक्कड़ साधु

प्रमुख उपदेश - निर्गुण निराकार निरंजन बह्म की उपासना
- अहम् बाह्य-आडम्बर व जातिगत भेद का विरोध
- ढ़ोंगी साधुओं का विरोध
- दादूपंथी अविवाहित रहते थे तथा किसी लड़के को गोद लेकर अपना शिष्य बनाते थे।
- दादूपंथी सबको पशु-पक्षियों को खाने के लिए जंगल में छोड़ देते थे।
- दादूपंथ को सत्संग को ''अलखदरिबा'' कहा जाता है।
- दादू जी के उपदेश 5000 छन्दो में है।
- सुन्दरदास ने दार्शनिक सिद्धान्तों नानमार्गी पद्धति में पद्यबद्ध किया था।
- लोकभाषा में निर्गुण भक्ति को फैलाने वाले दादूजी को राजस्थान का कबीर कहते है।
- सतनाम कहकर अभिवादन करते है।

तेरापंथी सम्प्रदाय

प्रवर्तक - भीखण जी (आचार्य भिक्षु स्वामी)
जन्म स्थान - कंटालिया (जोधपुर)।
तिथि - 1750 ई. तेरापंथ की स्थापना।
प्रमुख - राजस्थान की श्वेताम्बर जैन धर्म शाखा
- आरंभिक साधुओं की संख्या 13 थी।

संत

संत रज्जब जी

- जन्म-सांगानेर (जयपुर) 16वीं सदी में, जीवन भर दूल्हे के वेश में रहे।
- ग्रन्थ-रज्जब वाणी, सर्वगी, ह्रड़ेबानी (पिंगल भाषा)।
- मृत्यु सांगानेर (प्रधान गद्दी)।

संत पीपा (1383-1453)

- जन्म-गागरोण (झालावाड़)
- पिता-कड़ावा राव खीचीं माता-लक्ष्मीवती।
- बचपन का नाम-प्रतापसिंह।
- गुरू-रामानंद।
- दर्जी समुदाय के आराध्य देव।
- समदड़ी (बाड़मेर) पीपाजी का मंदिर।
- टोडाग्राम (टोंका) पीपाजी की गुफा।
- फिरोजशाह तुगलक को पराजित किया।
- मृत्यु -टोडाग्राम (टोंका)।
- भक्ति आंदोलन की अलख जगाने वलो प्रथम संत।
- निर्गुण भक्ति के संत।
- राजपाट अपने भाई अचलदास खींची के पक्ष में त्याग दिया व सन्यासी बने।
- चैत्र पूर्णिमा को बाड़मेर में मेला।
- रानी सोलखड़ी पदमावती ने पीपाजी के साथ भक्ति ज्ञान में सहयोग दिया (20 रानियां थी)
- मंदिर- समदड़ी (बाड़मेर), गागरोन (झालावाड़), मसुरिया (जोधपुर)।

संत धन्नाजी

- जन्म-धुवनग्राम (टोंका), जाट परिवार में।
- संत रामानन्द के शिष्य।
- राजस्थान छोड़कर वृदांवन चले गये।

भक्त कवि दुर्लभ

- **जन्म**-वागड़ क्षेत्र
- राजस्थान का नृसिंह
- बांसवाड़ा व डूंगरपुर को अपना कार्य क्षेत्र बनाया।

संत रैदास

- **जन्म**-बनारस (यू.पी. रामानन्द जी के शिष्य। चमार जाति। **उपनाम**-संतों का संत।
- आडम्बरों एवं भेदभावों का विरोध किया।
- निर्गुण ब्रह्म की भक्ति का उपदेश।
- मीरा के समय चित्तौड़ आये।
- छतरी चित्तौड़ दुर्ग के कुंभश्याम मंदिर में।
- मीरा बाई के गुरू, कबीर ने रैदास को **संतो का संत** कहा।

महिला संत

मीराबाई (1498-1548)

- जन्म-1498 ई. (कुड़की ग्राम, पाली) पिता-रतनसिंह राठौड़, माता-वीर कंवरी, बचपन का नाम-प्रेमल, शिक्षक -पं. गजाधर, गुरू-रैदास। विवाह-भोजराज(महाराणा सांगा के पुत्र)
- भक्ति-मार्धुय भाव व सखा भाव। मीरा की तुलना सूफी संत रूबीया से की गई।

- राणा रतनसिंह तथा विक्रमादित्य ने मीराबाई को यातनाएं दी। मंदिर-चित्तौड़गढ़ में इण्डो आर्य शैली में निर्मित ।
- उपनाम-राजस्थान की राधा, संत शिरोमणी।
- दासी सम्प्रदाय की स्थापना की ।
- प्रथम ऐतिहासिक महिला जिस पर 1952 ई. को डाक टिकट।
- ग्रन्थ-सत्यभामाजी, नू रूसणों, पदावली, राग गोविन्द (टीका), नरसी मेहता नी हुंडी रूक्मणी मंगल, गीत गोविन्द टीका, राग टीका। नरसी जी रो मायरो-ब्रजभाषा की यह रचना मीरा के निर्देशन में रतना खाती द्वारा की गई।
- द्वारिका (गुजरात) के रणछोड़ मंदिर में अपने गिरधर गोपाल की मूर्ति में विलीन हो गई।

राना बाई

- हरनावा गावं (उदयपुर)।
- इन्होने 'चुकटी आटा भिक्षा' नियम का प्रतिपादन किया।

फूलीबाई

- जन्म-मझवास गांव (जोधपुर),
- जोधपुर महाराजा जसवंत सिंह की समकालीन।
- जाट परिवार की फलीबाई को महाराज ने धर्म बहिन बनाया था।

सहजोबाई

- अलवर, संत चरणदास की कृष्ण भक्त शिष्या मध्यकाल में राज्य की प्रथम महिला संत (महंत) सहज प्रकाश, सोलह तिथि व सब्द्वाणी ग्रन्थों की रचना की।

ताजबेगम

- सीकर, फतेहपुर के कायमखानी नवाब फदन खॉ की शहजादी, कृष्ण भक्त।

समानबाई चारण

- माहुद गांव (अलवर)।
- जीवन भर आँखों पर पट्टी बांधे रखी ताकि किसी अन्य को न देख सके। राधा-कृष्ण की उपासना की।

महात्मा भूरीबाई

- 1892 ई. सरदारगढ़ (उदयपुर) के सुथार परिवार में जन्म, नाथद्वारा के विधुर फतहलाल से विवाह।
- देवगढ़ की मुस्लिम योगिनी नूराबाई से मिलने पर इन्हे वैराग्य प्राप्त हुआ।

भोली गूजरी

- करौली
- कृष्ण के मदनमोहन स्वरूप की उपासिका ।

ज्ञानमती बाई

- जयपुर
- इनकी 50 वाणियां आत्माराम परम्परा के संतो के साथ संकलित।

गवरी बाई

- **जन्म**-संवत् 1515 (डूंगरपुर शहर) ।
- वागड़ की मीरा।
- शिवसिंह ने गवरी बाई के लिए डूंगरपुर में मंदिर बनवाया (बाल मुकुन्द मंदिर)

अन्य

- महिला संतरानी रत्नावली :- अलवर।
- रानी अनुपकंवरी :- किशनगढ (अजमेर)।
- रानी पार्वती सोलंकी :- पाली।
- सुमति झाली :- कुंभलगढ़ (राजसमंद)।
- बाला भाई अपूर्वदे :- बीकानेर, राव लुणकरण की पुत्री, आमेर नरेश पृथ्वीराज कच्छवाहा की रानी। इन्होने वैष्णव दीक्षा ली। श्री हरि के नर सिंह अवतार की उपासिका थी। आमेर में वैष्णव भक्ति मत का बीजारोपण किया।
- करमेत्ती बाई :- खण्डेला (सीकार), प्रसिद्ध कृष्ण भक्त।
- करमाबाई :- अलवर।

राजस्थान के मुस्लिम पीर

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती

- गरीब नवाब,
- जन्म-सजरी गांव (ईरान)
- पृथ्वीराज चौहान तृतीय के समय अजमेर आगमन
- गुरू-शेख हारून उस्मान चिश्ती,
- 1 रज्जब से 9 रज्जब तक उर्स
- भारत में चिश्ती सिलसिले के संस्थापक
- अकबर पुत्र प्राप्ति की जियारत करने अजमेर आया।

नरहड़ के पीर

- हजरत शक्कर बाबा पीर के नाम से लोकप्रिय,
- दरगाह नरहड़ (चिडावा, झुंझुनू) में
- बांगड़ के धणी।
- कृष्णा जन्माष्टमी को उर्स लगता है।
- शेख सलीम चिश्ती इनके प्रमुख शिष्य।

संत काजी हमीदुद्दीन नागौरी

- मुहम्मद गौरी के साथ भारत आगमन,
- उपनाम-सुल्तान तारकीन (त्याग का सम्राट),
- सन्यासियों का सुल्तान
- दरगाह-नागौर में।
- भारत में कादरिया सम्प्रदाय की सबसे बड़ी दरगाह है।

सैय्यद सेफ़ुद्दीन अब्दुल बहाव (बड़े पीर)

- कादरिया शाखा के संस्थापक,
- बडे पीर नाम से प्रसिद्ध।
- दरगाह-नागौर में।

संत मीठे शाह

- वास्तविक नाम हमीदुद्दीन,
- ज्येष्ठ शुक्ला एकम से (चाँद दिखने पर)।
- गागरोन (झलवाड़) मे दरगाह।
- 1303 ई. खुरासान से गागरोण आये।

ख्वाजा फ़खरूद्दीन चिश्ती

- दरगाह- सरवाड़ (अजमेर),
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के पुत्र।
- राजस्थान का मिनी उर्स लगता है।

राजस्थानी साहित्य की कृतियाँ, क्षेत्रीय बोलियाँ

- **राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति**-नागर अपभ्रंश या शौरसेनी के गुर्जरी अपभ्रंश से मानी जाती है।(12वीं शताब्दी)
- डॉ. एल.पी. तेस्सितोरी ने राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति शौरसेनी अपभ्रंश से 12वीं सदी के मध्य होना बतायी।
- राजस्थानी भाषा का उद्‌भव 9 वीं से 11 वीं सदी के मध्य।
- साहित्य रचना के प्रमाण 13 वीं शताब्दी से।
- राजस्थानी भाषा का स्वतंत्र विकास 16 वीं शताब्दी से माना जाता है।
- राजस्थानी भाषा का आधुनिक काल 18 वीं शताब्दी से हुआ।
- सर्वप्रथम 778 ई. में उद्योतन सूरी द्वारा लिखित कुवलय माला ग्रंथ में 18 देशी भाषाओं में **मरूभाषा** का उल्लेख।
- कवि कुशल लाभ के पिंगल शिरोमणी ग्रंथ में मारवाड़ी शब्द का उल्लेख।
- अबुल फजल के आइने अकबरी में मारवाड़ी शब्द का उल्लेख।
- राजस्थानी शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग **जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन** ने 1912 ई. में Lunguistic Survey of India ग्रंथ में किया।
- राजस्थानी भाषा की **सर्वप्रथम वर्गीकरण** जॉर्ज अब्राहम ग्रियर्सन द्वारा पश्चिमी राजस्थानी, मेवाड़ी, मारवाड़ी, वागड़ी शेखावटी (1907-08 में)।
- मध्य पूर्वी राजस्थानी -ढूंढाड़ी, हाड़ौती
- उत्तरी पूर्वी राजस्थानी-मेवाती अहिरवाटी
- दक्षिण -पूर्वी राजस्थानी -मानवी, नीमाड़ी।
- 1829 ई. **राजस्थान शब्द** का सर्वप्रथम प्रयोग **कर्नल जेम्स टॉड** ने।
- 1800ई. **राजपूताना शब्द** की सर्वप्रथम प्रयोग **जॉर्ज थामस** ने।
- **राजस्थानी भाषा लिपि**-देवनागरी, महाजनी (देवनागरी लिपि का विकृत रूप)
- राजस्थानी **भारोपीय परिवार** की भाषा।
- राजस्थानी में मुख्यत: 73 बोलियां बोली जाती है। (1961 की जनगणना के अनुसार) भारतीय भाषाओं एंव बोलियों में राजस्थानी की 7 वां विश्व भाषाओं में 24 वां स्थान है।
- मौर्यकाल में राजस्थान में प्राकृत भाषा प्रचलित थी।
- राजस्थानी भाषा राजस्थान, मध्यभारत के पश्चिमी भाग, मध्यप्रांत, सिंध तथा पंजाब के निकटवर्ती क्षेत्रों में बोली जाती है।
- राजस्थानी बोलने वालों की संख्या 6 करोड़ के लगभग है।
- राजस्थानी भाषा का सर्वाधिक साहित्य डिंगल शैली में लिखा गया है। राजस्थानी भाषा के साहित्य को हिन्दी साहित्य के प्रारम्भिक काल का साहित्य माना जाता है।

राजस्थानी साहित्य का प्रारंभिक काल-राजस्थानी भाषा में 1460 ई. तक जो साहित्य लिखा गया इसे प्रारंभिक काल का साहित्य माना जाता है।

राजस्थानी साहित्य का पूर्व मध्यकाल-1460 ई. से 1700 ई. तक का साहित्य। इस काल में श्रृंगार और भक्ति के साथ वीर पुरूषों की कीर्तिगाथा रचनाकारों के मुख्य विषय रहे।

राजस्थानी साहित्य का उत्तर मध्यकाल-1700 से 1857 ई. तक का साहित्य। इस काल में वीरता श्रृंगार, भक्ति तथा नीति प्रधान रचनाओं का लेखन अधिक। राजस्थानी साहित्य का स्वर्ण युग।

राजस्थानी साहित्य का आधुनिक काल-1857 के बाद का साहित्य। राजस्थानी साहित्य में राजनैतिक और सामाजिक चेतना के साथ ब्रिटिश शासन तथा सामंत शाही के विरूद्ध स्वर उभरा।

- रचनाकार-सुर्यमल्ल मिश्रण, बख्तावर जी, केसरीसिंह बारहठ, नाथसिंह महियारिया, उदयराज उज्जवल।
- राजस्थानी भाषा का **वृहद् शब्द कोश** लिखने का महत्वपूर्ण कार्य आधुनिक काल में जोधपुर के **सीताराम लालस** ने किया
- **ब्रदीप्रसाद साकरिया** ने एक राजस्थानी शब्दकोश तैयार किया।

राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी बीकानेर-
- राजस्थानी भाषा की पुस्तकों पर पुरस्कार ।
- जागती जोत मासिक पत्रिका प्रकाशित

डिंगल

- 15 वीं शताब्दी के बाद पश्चिमी राजस्थानी में प्रचलित साहित्यिक शैली को डिंगल कहते है।
- राजस्थानी की सर्वप्रथम साहित्यिक शैली है।
- मारवाड़ी की साहित्यिक शैली का रूप।
- शब्द ठीक उसी प्रकार लिखा जाता है। जिस प्रकार बोला जाता है।
- मुख्यत: चारणों द्वारा प्रयोग में लाई जाती है।
- यह गद्य साहित्यिक रचना की शैली है।
- डिंगल भाषा का सर्वप्रथम प्रयोग विक्रम संवत् 1607 -08 में **कुशल लाभ** रचित **पिंगल शिरोमणि** नामक ग्रंथ में किया गया।
- सर्वप्रथम डिंगल शब्द का प्रयोग विक्रम संवत् 1817 में जोधपुर रियासत के कवि बांकिदास की रचना **कुकवि बत्तीसी** में किया गया।
- डिंगल के विकास का श्रेय डॉ. एल.पी. टैस्सीटोरी को जाता है।
- पश्चिमी राजस्थानी का साहित्यक रूप माना जाता है।
- राजस्थानी भाषा का सर्वाधिक साहित्य डिंगल में रचा गया है।

डिंगल भाषा की प्रमुख रचनाएँ

- अचलदास खीची री वचनिका — शिवदास गाढ़ण
- राव जैतसी रो घंड — बीठू सूजा
- महेश दासौत री वचिनका — खिडिया श्रग्गा
- रूक्खमणी हरण — पृथ्वीराज राठौड़
- नाग दमण — पृथ्वीराज राठौड
- सगत रासौ — गिरधर आशिया
- ढोला मारू रा दुहा — कवि कल्लोल
- राजरूपक — वीरभाण

पिंगल

- यह भाटो की काव्य शैली है जो पूर्वी राजस्थानी का ब्रज मिश्रित रूप है।
- विकास शौरसेनी अपभ्रंश से। इसमें पद्य की रचना अधिक हुई है।
- बृज भाषा एवं पूर्वी राजस्थानी की साहित्यक रूप है।
- रचनाएं- पृथ्वीराज रासौ-चन्दरबरदाई। वंश भास्कर-सुर्यमल्ल मिश्रण। खुमाण भास्कर-दलपति विजय।
- ऐतिहासिक भौगोलिक एवं भाषा वैज्ञानिकी के आधार पर राजस्थानी भाषा की उत्पत्ति गुर्जर अपभ्रंश से।
- **सरदास पटेल**-राजस्थानी वीरों की भाषा है। राजस्थानी की साहित्य वीर साहित्य संसार के साहित्यों में उसका निराला स्थान है।

- यदि भाषाओं का क्रमिक विकास देखा जाए तो प्राकृत भाषा से डिंगल भाषा प्रकट हुई तथा डिंगल भाषा में गुजराती और मारवाड़ी भाषाओं का विकास हुआ जबकि संस्कृत भाषा से पिंगल भाषा प्रकट हुई तथा पिंगल भाषा से ब्रज भाषा एवं खड़ी हिन्दी का विकास हुआ ।

मारवाड़ी

- राजस्थानी भाषा की मानक बोली। पश्चिमी राजस्थान की प्रधान बोली।
- सबसे बड़े क्षेत्र में व सर्वाधिक बोली जाने वाली बोली। विशुद्ध केन्द्र-जोधपुर।
- उत्पत्ति-गुर्जरी अपभ्रंश से।
- साहित्यिक रूप को डिंगल कहते है।
- आरंभकाल 8वीं शताब्दी से।
- जैन साहित्य एवं मीरा के पद इसी में।
- अबुलफजल ने आइने अकबरी व कवि कुशल लाभ ने पिंगल शिरोमणि में मारवाड़ी शब्द का प्रयोग किया। मारवाड़ी का सर्वप्रथम व्याकरण रामकरण आसोप ने लिखा।
- सोरठा, छंद व राग इसकी शिल्पगत विशेषता।
- सामान्यत: देवनागरी लिपि परन्तु बहिखातों में महाजनी लिपि का प्रयोग किया जाता है।
- उपबोलियों -मेवाड़ी, बागड़ी, शेखावटी, बीकानेर, ढटकी, थली, खेराड़ी नागौरी, देवड़पाडी गौड़वाड़ी।

मेवाड़ी

- उदयपुर एवं उसके आस-पास के क्षेत्र में प्रमुख रूप से बोली जाती है।
- महाराणा कुंभा के नाटक इसी में।
- मारवाड़ी व मेवाड़ी में मुख्य अंतर क्रिया के व्यवहार।
- विकास 12 वीं व 13 वीं सदी में।

ढूंढाड़ी

- पूर्वी राजस्थान की प्रधान बोली। जयपुर-किशनगढ़, टोंक, दौसा, अजमेर में प्रचलित।
- गुजरात एवं ब्रज भाषा का प्रभाव।
- दादूदयाल का साहित्य इसी में।
- गद्य-पद्य दोनों में प्रचुर साहित्य।
- तीसरी प्रमुख बोली। जयपुरी या झाड़शाही कहते है।

उप बोलियाँ -

- **राजावाटी**-जयपुर जिले के पूर्वी भाग (दौसा की क्षेत्र)
- **काढेड़ी**-जयपुर के दक्षिण भाग में (टोंक क्षेत्र में)
- **चौरासी**-जयपुर के दक्षिण-पश्चिमी भाग में (शाहपुरा, टोंक, अजमेर क्षेत्र)
- **तोरावाटी**-झुंझुनू जिले का दक्षिणी भाग में, सीकर जिले के पूर्वी भाग एवं दक्षिण पूर्वी भाग तथा जयपुर जिले के उत्तरी भाग में।

  नोट-दिल्ली के तोमर राजपूतों का निवास स्थान होने के कारण तारावाटी कहते है।
- **नागर चोल** - सवाई माधोपुर जिले के पश्चिमी व टोंक जिले के दक्षिण पूर्वी भाग में।

हाड़ौती

- कोटा, बूंदी, बाराँ, झालावाड़ क्षेत्र में। इसमें साहित्य अल्प मात्रा में लिया गया। चौथी प्रमुख बोली।
- सूर्यमल्ल मिश्रण की रचनाएँ इसी में। जयपुरी और हाड़ौती में विशेष अंतर नहीं है।
- हाड़ौती का भाषा के अर्थ में प्रयोग सर्वप्रथम केलॉग की हिन्दी ग्राम में सन् 1875 ई. में। जब, इसमें कब व तब के लिए जद, कद, तद का प्रयोग।

मेवाती

- अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करोली क्षेत्रों में। मुख्यत: अलवर, भरतपुर में।
- पूर्वी राजस्थान की सबसे प्रमुख बोली। ब्रजभाषा का प्रभाव। पांचवी सबसे बड़ी बोली।
- पश्चिमी हिन्दी व राजस्थानी के मध्य कड़ी।
- संत लालदास, चरणदास, दयाबाई, सहजोबाई की रचनाएँ इसी भाषा में।

अहीर वाटी

- पूर्वी राजस्थान की दूसरी महत्वपूर्ण बोली। बहरोड़, मुडावर (अलवर), कोटपुतली (जयपुर) क्षेत्र में।
- नीमराना के राजा चन्द्रभान सिंह चौहान के दरबारी कवि जोधराज ने हम्मीर रासौ की रचना की, में अरीरवाटी का उल्लेख मिलता है।
- कवि शंकरराव ने **भीम विलास** की रचना।
- अल्ली बक्शी की रचनाएं।
- इस बोली के क्षेत्र को राठ कहते है। इसलिए इसका नाम राठी भी है।

बागड़ी

- डूंगरपुर, बांसवाड़ा क्षेत्र।
- गुजराती का प्रभाव।
- इसे भीली बोली कहते है।

मालवी

- कोटा, झालावाड़, प्रतापगढ़ में।
- मारवाड़ी व ढूंढाड़ी की मिश्रित प्रभाव। मराठी का प्रभाव।
- कर्णप्रिय व कोमल बोली।
- उपबोलियां-नीमड़ी, उमठावाडी, सौंधवाड़ी।
- **नीमड़ी**-दक्षिणी राजस्थानी कहते। गुजराती, भीली व खानदेशी का प्रभाव।
- **रांगड़ी**-मालवा के राजपूतों की बोली। मेवती व मारवाड़ी का मिश्रण कर्कश बोली।
- **खैराड़ी**-शाहपुरा(भीलवाड़ा) व बूंदी के कुछ क्षेत्रों में। मेवाड़ी, ढूंढाड़ी हाड़ौती का मिश्रण।
- **गौड़वाड़ी**-जालौर व पाली क्षेत्र में। बीसलेदव रासौ की रचना। उपबोलियां -बालवी खणी महाहड़ी।

राजस्थान के प्रमुख साहित्यकार

मुहणौत नैणसी

- जन्म-जोधपुर नगर के दीवान जयमल मुहणोत के यहां विक्रम संवत् 1667 (1610ई.)।
- विक्रम संवत् 1727 (1670 ई.) फुलवारी गांव **(औरंगाबाद)** में कटार घौंपकर आत्महत्या।
- महाराजा जसंवत सिंह प्रथम के दरबारी कवि/दीवान।
- मुशीदेवी प्रसाद ने राजपूताने का अबुल फजल कहा।
- आधुनिक जनगणना का अग्रज।
- अकबर के आदेश से अकबर नामा तथा आईने अकबरी में मुगल साम्राज्य के 12 सूबों का विस्तृत वर्णन फारसी भाषा में लिखा।
- **ग्रंथ-1 मारवाड़ रा परगना री विगत**-इसे **राजपूताने का गजेटियर** कहते है। मारवाड़ के परगनों, परगनों के गांव, कृषि व्यवस्था, अर्थव्यवस्था का वर्णन।
- **ग्रंथ-2 मुहणौत नैणसी री ख्यात**-मध्यकालीन राजस्थान के सभी राज्यों एवं प्रदेशों, उनके शासकों तथा गुहिलों व राजपूतों

की 36 शाखाओं का वर्णन। सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक स्थिति का वर्णन। सबसे प्राचीन व विश्वसनीय ख्यात है।
- **रामनारायण दुग्गड़ ने**-''मुहणौत नैणसी री ख्यात'' का हिन्दी अनुवाद किया है।

डॉ. लुइजिपिओं तैस्सितोरी
- **जन्म**-उदिने शहर (इटली) 13 दिसम्बर, 1887। निधन-22 नवम्बर, 1919 (बीकानेर) महाराजा गंगासिंह के समकालीन। कालीबंगा की खोज का श्रेय जाता है।
- राजस्थाने के इतिहास, मातृभाषा और साहित्य को संसार के सामने लाने का श्रेय जाता है।
- बीकानेर म्यूजियम इनकी देन।
- राजस्थानी चारण साहित्य एवं ऐतिहासिक सर्वे तथा पश्चिमी राजस्थानी की व्याकरण नामक पुस्तकें लिखी। रामचरितमानस व रामायण का **इटली भाषा में अनुवाद** किया।
- वेलि किसन रूख्मणी री एवं छंद जैतसीरो के सम्पादन का श्रेय जाता है।
- **धोरॉ री धोरी (टिब्बों का मसीहा)** - श्री नथमल जोशी द्वारा लिखित यह ग्रंथ तेस्सतोरी की जीवनी पर आधारित है।

सूर्यमल्ल मिश्रण (सूरजमल)
- **राजस्थान का वेदव्यास**-वास्तविक नाम सूरजमल, जन्म-विक्रम संवत् 1872 ई. (बुंदी, हरणीगांव)।
- राजस्थान में नवजागरण के प्रथम कवि,महाराव रामसिंह के दरबारी कवि।
- ग्रंथ-वंश भास्कर (पिंगल) बलवन्त विलास, छंददोम्यूख धातु रूपावली, सती रासो, चित्रकला, दर्शनशास्त्र के विद्वान। वंश भास्कर को इनके दत्तक पुत्र मुरारीदान ने पूर्ण की।

श्यामलदास दधवड़िया
- जन्म-ढोलकिया (भीलवाड़ा) मेवाड़ महाराणा सज्जनसिंह के कृपापात्र। महाराणा ने 'कविराज' की उपाधि दी। अग्रेंज सरकार ने इनको महामहोपाध्याय' की उपाधि दी।
- मेवाड़ के पॉलिटिकल एजेन्ट कर्नल हम्पी ने **केसर-ए-हिन्द** की उपाधि दी।
- रचना-वीर विनोद (मेवाड़ का इतिहास शामिल)

मुंशी देवीप्रसाद
- जन्म-जयपुर।
- उपनाम- आधुनिक इतिहास के उन्नायक मारवाड़ राज्य के कानून के निर्माता, कानून की माता।
- कोहिनूर -सामाचार पत्र अजमेर से प्रकाशित करवाया।
- सामाजिक इतिहास लेखन की परम्परा को शुरू किया।
- ग्रंथ-राजा भारमल, रूठी रानी, परिहारों का इतिहास, सांगा, महिला मृदुवाणी, कवि रत्नमाला, मारवाड़ की कृष्णा कुमारी बाई, औरंगजेब नामा।
- जोधपुर महाराजा जसंवत सिंह II के यहां मुशी का कार्य किया।

बाँकीदास
- जन्म-पचपदरा (भांडिया वास), बाड़मेर (1828 ई.)। परम्परागत चारण शैली व प्राचीन डिंगलभाषा के अग्रणी रचनाकार।
- जोधपुर महाराजा मानसिंह के काव्य गुरू।
- बांकीदास री ख्यात प्रमुख ग्रंथ।
- इनको मारवाड़ का बीरबल कहते है।
- प्रमुख ग्रंथ-गुरजाल भूषण, मानज, सोमण्डन, दातार बावनी, कुकवि बत्तीसी, नीति मंजरी, सूर छतीसी, धवल पच्चीसी, कृपण, दर्पण।
- ईस्ट इण्डिया कम्पनी की काली करतूतों के विरूद्ध जनजागरण का शंखनाद करने वाला इस देश का प्रथम कवि। उनका लोकप्रिय डिंगल गीत-आयो अग्रेंज मुल्क रै ऊपर।

ईसरदास बारहठ (1538-1618)
- जन्म-भादरेस (बाड़मेर)।
- उपाधि-ईसरो परेमसरो।
- डिंगल के प्रारम्भिक कवि एवं चारण कवियों मे शिरोमणी।
- प्रसिद्ध ग्रंथ-हाला झाला री कुडलियां (सूरसतसई), हरिरस, देवीयाण, गुणआगम, गुण रासलीला, गुण भागवत हंस, गरूड़ पुराण।
- ईसरदास की डिंगल भाषा की सर्वोकृष्ठ कृति गुण हरिदास।

पृथ्वीराज राठौड़ (पीथल)
- जन्म बीकानेर (1548)। कल्याण मल के पुत्र अकबर के दरबारी कवि।
- रचना-वेलिक्रिसन रूक्माणी री (राजस्थानी भाषा का सर्वोत्कृष्ट ग्रंथ)
- तेस्सीटोरी ने **डिंगल का हेरोस** कहा।
- अन्य रचनाएँ- ठाकुर जी रा दूहा, गंगा जी रा दूहा, दशम भागवत रा दूहा, फुटकर पद, गंगालहरी।
- कर्नल जेम्स टॉड ने पीथल के लिए कहा था कि इनके काव्य में **दस हजार घोड़ो का बल** है। नाभादास ने इनकी गणना **भक्तमाल** से की।
- दुरसा आढा ने वेलि क्रिसन रूक्मणी को **पांचवा वेद** कहा।
- रानी-चंपादे (परम सुंदरी एवं कला मर्मज्ञ)।
- अकबर ने गागरोण का किला जागीर में दिया।

कर्नल जेम्स टॉड
- जन्म-20 मार्च 1782 स्कॉटलैण्ड (इंगलैण्ड)।
- राजस्थान इतिहास के पितामह। प्रांरभ में ईस्ट इंडिया कम्पनी के उच्च सेनाधिकारी।
- 1817 ई. पश्चिमी राजस्थान के पॉलिटिकल एजेन्ट बनकर सर्वप्रथम उदयपुर आये।

उन्होने प्रमुख ग्रंथ लिखे -

(1) एनाल्स एण्ड एंटीक्विटीज ऑफ राजस्थान
- इसके दो भाग है, जिसमें 85 अध्याय है।
- प्रथम भाग में राजस्थान की भौगोलिक स्थिति, राजाओं की वंशावली, शासन व्यवस्था, मेवाड़ की स्थिति।
- दूसरे भाग में मारवाड़, अजमेर, बीकानेर, जैसलमेर व हाड़ौती आदि राज्यों का वर्णन
- प्रथम प्रकाशन 1829 ई.। इसमें सर्वप्रथम राजस्थान शब्द का प्रयोग किया।

(2) पश्चिमी राजस्थान की यात्रा-
- राजपूतों की मान्यताएं, परम्पराओं, मंदिरों और आदिवासी जनजीवन का चित्रण।
- कर्नल टॉड के अनुसार-राजस्थान का कोई छोटा सा राज्य नहीं जिसमें धर्मोपल्ली जैसी रणभूमि न हो और शायद ही कोई ऐसा नगर मिले जहां लियोनीडस जैसा वीर पुरूष उत्पन्न न हुआ हो। निधन-17 नवम्बर 1835।

विजयदान देथा
- जन्म-बोरून्दा गांव (बिलाड़ा, जोधपुर) 1926।
- विज्जी नाम से लोकप्रिय।

- **बाता री फुलवारी** शीर्षक से राजस्थानी भाषा में 12 खंडों में प्रकाशित ग्रंथ।
- रचनाएँ – रूंख, उलझन, सपन प्रिया, द दिलेमा, कंचूली, अलेखू हिटलर, दुविधा (पहेली फिल्म वनी)। 2007 पदमश्री से सम्मानित।
- राजस्थानी हिन्दी कहावत कोष के रचनाकार।
- बातां री फुलवारी के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार (1974)

कन्हैयालाल सेठिया

- जन्म-सुजानगढ़ (1919)। मृत्यु-2008।
- राजस्थानी और हिन्दी के सिरमौर कवि।
- धरती धोरा री लोकप्रिय कविता।
- रचनाएं-धरती धोरा री, पातल और पीथल, वनफूल (प्रथम काव्य संग्रह), लीलटांस, सबद, देह विदेह, रमणियें रा दूहा, अघोरी काल।
- लीलाटांस पर साहित्य अकादमी पुरस्कार।
- शब्द पर सूर्यमल्ल मिश्रण पुरस्कार।

राजस्थानी साहित्य के विभिन्न रूप

- **रासो**-वीरता परक काव्यों को रासो कहा गया है। इनकी रचना राजा के आश्रय में की थी। जैसे-पृथ्वीराज रासो, बीसलदेव रासो आदि जिस काव्य ग्रंथ मे किसी राजा की कीर्ति, विजय, युद्ध, वीरता आदि का विस्तृत वर्णन हो उसे रासों कहते है।
- **रास**-इसके अन्तर्गत श्रृंगार परक रचनाएं आती है। इसके विकास में जैन धर्म का प्रमुख योगदान है।
- वचनिका-वचनिका राठौड़ रूपसिंह जी आदि प्रमुख वचनिकाएं है।
- **वेलि**- इसमें राजा-महाराजा, सामंतों आदि की वीरता, स्वामिभक्ति, विद्वता, वंशावली आदि का उल्लेख मिलता है। इसकी रचना मुख्यत: डिंगल भाषा में होती है।
- **विगत**-यह इतिहास परक ग्रंथ लेखन शैली है। इसमें राज्य की सामाजिक-आर्थिक इतिहास की जानकारी मिलती है। इसमें किसी विषय का विस्तृत विवरण होता है।
- पवाड़े-लोक कथाओं को पवाड़े कहा जाता है। इसमें वीर, श्रृंगार, हास्य व करूणा आदि भावों का सफल चित्रण होता है।
- **ख्यात**-इन इतिहासपरक रचनाओं को देशी राजाओं ने अपनी मान-मर्यादा का चित्रण करवाने के लिए लिखवाया।
- **वात**-यह कहानी का पर्याय होती है। इसमें बात कहने वाला कहता है और सुनने वाला हुंकारा देता है। यह गद्य, पद्य एवं गद्य एवं पद्य तीनों रूपों में होता है। इनमें ऐतिहासिक अर्द्ध-ऐतिहासिक, पौराणिक व काल्पनिक कथाओ को रोचक ढंग से बताया जाता है।
- **दवावैत**-यह उर्दू-फारसी की शब्दावली युक्त राजस्थानी कलात्मक लेख शैली, जिसमें किसी की प्रशंसा दोहों के रूप में की जाती है।
- **चरचरी**-यह ताल एवं नृत्य के साथ उत्सव में गायी जाने वाली रचना होती है।
- **निसाणी**-इसकी रचना पद्य रूप में किसी व्यक्ति या घटना की स्तुति के लिए की जाती है।
- **मरस्या**-यह किसी व्यक्ति विशेष को मृत्यु के बाद शोक व्यक्त करने के लिए रचित काव्य है, जिसमें उसके चारित्रिक व अन्य गुणों का बखान किया जाता है।
- **विलास**-विलास काव्य कृतियों में राजनीतिक घटनाओं के अलावा आमोद-प्रमोद विषयक पहलुओं का भी वर्णन मिलता है। राजविलास, बुद्धिविलास, वृत्तविलास, भीम विलास आदि महत्वपूर्ण विलास ग्रंथ है।
- **साखी**-साखी का मूल रूप साक्षी है। साक्षी का अर्थ हैं आंखों देखी बात का वर्णन करना अर्थात् गवाही देना। साखी में संत कवियों ने अपने अनुभूत ज्ञान का वर्णन किया है। साखियों में सोरठा छंद का प्रयोग हुआ है। कबीर की साखियां प्रसिद्ध है।
- **सबद**-संत काव्य में सबद से तात्पर्य गये पदों में है। सबद में प्रथम पंक्ति टेक अथवा स्थायी होती है। इसको गाने में बार-बार दोहराया जाता है। सभी संत कवियों से सबदों की रचना की है। सबद हिन्दी के शब्द से बना है।
- **सिलोक**-संस्कृत के श्लोक शब्द का बिगड़ रूप सिलोका है। राजस्थानी भाषा में धार्मिक, ऐतिहासिक और उपदेशात्मक सिलोका लिखे हुए है। राव अमरसिंह रा सिलोका, अजमाल जी रा सिलोका आदि प्रमुख सिलोके है।
- **हकीकत**-हकीकत का अर्थ वास्तविकता से है। इन लघु कृतियों का उद्देश्य किसी घटना, स्थान या राजवंश के बारे में सही जानकारी देना है। बीकानेर री हकीकत, हाड़ा री हकीकत आदि महत्वपूर्ण हकीकत ग्रंथ है।

संस्कृत साहित्य की प्रमुख कृतियां

रचना	रचियता
पृथ्वीराज विजय	जयानक
सुर्जन चरित्र	चन्द्रशेखर
प्रबंध कोष	राजशेखर
भट्टि काव्य	भट्टि
एकलिंग महात्म	महाराणा कुंभा
अमर सार	पं. जीवधर
राजरत्नाकर	भट्ट सदाशिव
वृहत कथा कोष	हरिसेन
हम्मीर महाकाव्य	नयनचन्द्र सूरी
प्रबंध चिंतामणि	मेरूतुंग
राज वल्लभ	मण्डन
राजविनोद	भट्ट सदाशिव
अमर काव्य वंशावली	रणछोड़ भट्ट
अजितोदय	भट्ट जगजीवन
पार्श्वनाथ चरित्र	श्रीधर
कर्मचंद वंशोत्कीर्तन काव्यम	जय सोम
समराइच्छकहा	हरीभद्र सूरी

जैन साहित्य की रचनाएं

रचना	रचियता
कुवलयमाला	उद्योतम सूरि
सुखनिदान	जगन्नाथ
पंचग्रन्थी व्याकरण	बुद्धिसागर सूरि
समुद्रकाव्य	हरिभद्र सूरि
भरतेश्वर बाहुबलि घोर	ब्रजसेन सूरि
नेमिनाथ बारहमासा	पल्हण

राजस्थानी में साहित्य की प्रमुख पुस्तकें

कृति	रचियता	कृति	रचियता
कान्हड़देव प्रबंध	पद्मनाथ	शकुन्तला	करणीदान
डिंग कोश	मुरारीदान	भक्तमाल	नाभादास
पृथ्वीराज रासौ	चंदबरदाई	सागर पांखी	कुंदनमाली
वीर सतसई	नाथूसिंह महियारिया	वैराग्य सागर	नागरीदास
राव जैतसी रो छंद	बिठू सूजो नागरजोत	हां चांद मेरा है।	हरिराम मीणा
अमर काव्य	अमरदान लालस	सुदामाचरित्र	मोहन राज
रतन जसप्रकाश	सागरदान	बरखा बीनणी	रेवतदान चारण
सेनाणी	मेघराज मुकुल	मारवाड़ी व्याकरण	रामकरण आसोपा
सूरज प्रकाश	करणीदान	बादली	चंदसिंह विरकाली
रामरासौ	माधोदास चारण	राजस्थानी कहावतां	मुरली व्यास
चंवरी	मेघराज मुकुल	सगत रासौ	गिरधर आसिया
ढोला मारू रा दूहा	कवि कल्लोल	ढोला मारवाड़ी चडपड़ी	कवि हरराज
कनक सुंदरी	शिवचंद भरतिया	ढोला मारवण री चौपाई	कुशललाभ
खुमाण रासौ	दलपति विजय	मेघदूत	मनोहर प्रभाकर
बीसलदेव रासौ	नरपति नाल्ह	रेंगती है चीटियां	जबरनाथ पुरोहित
विजय पाल रासौ	नल्ल सिंह	हूं गोरी किण पीव री	यादवेन्द्र शर्मा 'चन्द्र'
दरिन्दे	हमीदुल्ला	बातां री फुलवारी,हिटलर,अलेखू	विजदान देथा
हम्मीर रासौ	शारंगधर (जोधराज)	मैकती काया मुहकती धरती	अन्नाराम सुदामा
बिड़द सिणगार	करणीदान	धरती धोरा री	कन्हैया लाल सेठिया
हम्मीर मद मर्दन	जयसिंह सूरि	पातल और पीथल	कन्हैयालाल सेठिया
गुण भाषा	हेमकवि	एक बीनणी दो बीन	श्रीलाल नथमल जोशी
गुण रूपक	केशवदास	हाला झाला री कुण्डलियां	ईसरदास
राजिया रा सोरठा	कृपाराम	अचलदास खीची री वचनिका	शिवदास गाडण
राजरूपक	कवि वीरभाण	राजस्थानी शब्दकोष	सीताराम लालस
बुद्धि सागर	जान-कवि	टाबरा री बातां	लक्ष्मी कुमारी चूड़ावत
ग्रंथराज	गोपीनाथ	महादेव पार्वती री बेली	किसनो
पगफैरो	मणि मधुकर	डूंगजी जवारजी री बात	लक्ष्मी कुमारी चूड़ावत
रूठी राणी	केसरीसिंह बारहठ	बोलि किसन रूकमणी	पृथ्वीराज राठौड़
अमरफल	डॉ. मनोहर शर्मा	सती रासौ	सूर्यमल्ल मिश्रण
रूकमणी हरण	वीठलदास	वीर सतसई	सूर्य मल्ल मिश्रण (मीसण)
रणमल छंद	श्रीधर व्यास	सती रासौ	सूर्यमल्ल मिश्रण (मीसण)
बृजनिधि ग्रंथावली	प्रतापसिंह	बुद्धि रासौ	जल्ल
चेतावनी रा चूंगटिया	केसरीसिंह बारहठ	केहर प्रकाश	कवि बख्तावर
रंगीलों मारवाड़	भरत व्यास	शत्रु साल रासौ	डूंगरसी
सुधि सपनों के तीर	मणि मधुकर	अक्षर बावनी	माधौदास बारहठ
		राणा रासौ	दयाल (दयाराम)

राजस्थान के मुख्य पर्व/मेले

- **नव सम्व्त्सर (नया वर्ष) :** हिन्दू धर्म में नया वर्ष चैत्र शुक्ल 1 (चेत्र प्रतिपदा) को मनाया जाता है।
